डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) 470003
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR M.P. 470003
(A Central University)

सुरक्षा अधिकारी

मोबा. नं. :7697425313, फोननं. 07582–264527
E-Mail – csosagarutd264527@gmail.com

क्रमांक/सुरक्षा/2024/125

सागर, दिनांक:20.05.2024 22

## अधिसूचना

समस्त विद्यार्थी
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविधालय
सागर (म.प्र.)

प्रायः यह देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले किसी कार्यक्रम में जब माननीय कुलपति महोदया सम्मिलित होने आती हैं या कार्यक्रम समाप्ति के बाद जाती है, तब कुछ विद्यार्थी माननीया कुलपति का रास्ता रोकने, तेज आवाज के साथ उपद्रव करने और कार्यक्रम में व्यवधान डालने की कोशिश करते हैं। जबकि यह पूर्व सुनिश्चित है कि विद्यार्थियों की किसी भी समस्या के लिए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक और संबंधित कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष अथवा संकायाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय है। विद्यार्थियों को उचित माध्यम से ही अपनी बात रखने की कोशिश करनी चाहिए।

विद्यार्थियों द्वारा किये जाने वाले उक्त प्रकार के अशोभनीय कृत्यों से असहज और अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है तथा इससे विश्वविद्यालय की गरिमा भी धूमिल होती है। एक विद्यार्थी के लिए विश्वविद्यालय छात्र–आचरण नियमावली की दृष्टि से भी यह उचित नहीं है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे अशोभनीय एवं अप्रिय गतिविधियां करते हुए पाये जाते हैं तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

21/5/2024
कुलसचिव (प्र.)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक को इस निवेदन के साथ कि सूचना को नोटिस बोर्ड पर लगायें।
2. कुलानुशासक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण गतिविधियां/पुस्तकालयाध्यक्ष/चेयरमैन, काउंसिल ऑफ वार्डेन्स/चीफ वार्डन, कन्या छात्रावास को सूचनार्थ।
3. मीडिया अधिकारी को सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.टी.सेल–वि.वि. की बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. माननीय कुलपति महोदया के निज सचिव को सूचनार्थ।
6. कुलसचिव के निज सहायक को सूचनार्थ।

20.05.2024
(डॉ. हिमांशु कुमार)
सुरक्षा अधिकारी